परिचय– डॉ. विजय चौधरी एडवोकेट (पूर्व–जज)

अध्यक्ष– म.प्र. स्टेट बार काउंसिल जबलपुर

परिषद के अध्यक्ष माननीय डॉ. विजय चौधरी का जन्म सन् 1949 में चंदेरी, जिला अशोक नगर में हुआ था। उनके पिता नगर सेठ स्व. श्री गुलाबचंद जी, चंदेरी जैन समाज के सन् 1950 से सन् 1981 (उनके स्वर्गवासी होने तक) अध्यक्ष रहे एवं चंदेरी नगर पालिका के पार्षद एवं उपाध्यक्ष रहे। साथ ही जैन औषधालय एवं पाठशाला के भी अध्यक्ष रहे। डॉ. विजय चौधरी ने एम.ए. अर्थशास्त्र, एलएल.एम. एवं विधि विषय में डॉक्ट्रेट की उपाधि भोपाल विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। डॉ. विजय चौधरी सन् 1975 से 1979 तक म.प्र. न्याय सेवा में सिविल जज/मजिस्ट्रेट के पद पर पदस्थ रहे एवं सन् 1972 से 1975 तक एवं सन् 1979 से अभी तक भोपाल में वकालत कर रहे है। डॉ. विजय चौधरी सन् 1992 से सन् 1994 तक एवं सन् 1996 से 1998 तक जिला अभिभाषक संघ भोपाल के सचिव चुने गये एवं सन् 2001 से 2003 तत्पश्चात सन् 2005 से 2007, तत्पश्चात सन् 2019 से आज दिनांक तक भोपाल जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष है। डॉ. विजय चौधरी सन् 1999 से मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के सदस्य है, और लगातार पांच चुनाव जीत चुके है तथा स्टेट बार काउंसिल की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर रहे है, और वर्तमान में दिनांक 21/11/2020 से म.प्र. स्टेट बार काउंसिल के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये है।

डॉ. चौधरी ने एडवोकेट क्लब ऑफ भोपाल केपीटल की स्थापना की और सन् 2002 से एडवोकेट क्लब ऑफ भोपाल केपीटल के अध्यक्ष है। सन् 1990 में डॉ. चौधरी ने गरीब विद्यार्थियों एवं अन्य की सहायता के लिये सेठ गुलाबचंद विजय कुमार चौधरी छात्रवृत्ति एवं सहायता ट्रस्ट का गठन किया और तबसे वह इस पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष है। इस ट्रस्ट के द्वारा गरीब विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाती है एवं वांछित व्यक्तियों और संस्थाओं की आर्थिक मदद् की जाती है। डॉ. विजय चौधरी, श्री नंदीश्वर द्वीप जिनालय ट्रस्ट जैन नगर लालघाटी भोपाल के अध्यक्ष है, जिसके द्वारा भव्य नंदीश्वर मंदिर धर्मशाला तथा मुनीनिलय का निर्माण किया गया है। डॉ. चौधरी भोपाल की अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय है तथा लेखन और पठन में विशेष रूचि रखते है। डॉ. चौधरी के पुत्र श्री विवेक चौधरी भी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भोपाल से बी.ए.एलएल.बी.(Hons) की परीक्षा सन् 2008 में उत्तीर्ण की है तथा एलएल.एम. होकर साईबर लॉ में डिप्लोमा जी.एल.सी. मुम्बई से किया है, एवं बार के सक्रिय अभिभाषक है।

डॉ. विजय कुमार चौधरी एडवोकेट (पूर्व–जज)
एम.ए., एलएल.एम., पीएच.डी. इन लॉ
चेयरमेन– म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर
अध्यक्ष– जिला अभिभाषक संघ भोपाल
पता– ''विजय पैलेस'' ई–2/144, अरेरा कालोनी,
हबीबगंज रेल्वे स्टेशन के पास, भोपाल–462016 (म.प्र.)
मो.नं. 98260–56441